# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

एक्सिओम–फोर मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी की आज पृथ्वी पर वापसी हो गई। यह सभी लोग अमरीका में कैलिफोर्निया के पास आज सैन डिएगो के तट पर उतरे।

लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका पूरे देश की तरफ से स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत ने आज वास्तव में अंतरिक्ष की दुनिया में अपना एक स्थायी स्थान बना लिया है। यह भारत के लिए बहुत ही गौरव का क्षण है।

एक्सिओम फोर मिशन पचीस जून को अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन यात्री गए हैं। उनकी यात्रा 1984 में अंतरिक्ष यात्रा करने वाले भारतीय यात्री राकेश शर्मा के 41 साल बाद हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अपने प्रवास के दौरान, श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हुए सात भारत–विशिष्ट माइक्रोग्रैविटी प्रयोग किए। ये प्रयोग भविष्य के ग्रह मिशनों और लंबी अवधि के अंतरिक्ष आवास संबंधित महत्वपूर्ण डेटा के लिए डिजाइन किए गए हैं। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सकुशल वापसी पर पूरे देश और विशेष रूप से प्रदेश की राजधानी लखनऊ में खुशी का माहौल है। उनके परिवारीजनों ने उनकी सकुशल वापसी पर प्रसन्नता जताई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित कौशल मेले का उद्घाटन किया। यह मेला प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कौशल मेले के अवसर पर युवाओं को यूथ आइकॉन और नव उद्यमियों कों इंडस्ट्री एंबेसडर सम्मान से सम्मानित किया तथा स्किल रथ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान कौशल प्रशिक्षण में स्मार्ट प्रौद्योगिकी के समावेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार और प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन–एमओयू भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन ड्रिस्ट्रक्ट वन प्रोडक्ट नीति की विशेष रूप से चर्चा की और कहा कि इस नीति के तहत प्रदेश में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने युवाओं को डिजिटली सक्षम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी चर्चा की।

**********

आज पूरे देश में कौशल भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार पन्द्रह में इस योजना की शुरुआत की थी। केन्द्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में युवाओं में कौशल विकास को बढावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***कौशल विकास मंत्रालय ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, छह करोड़ से अधिक युवाओं को सशक्त बनाया है, ताकि उनके लिये रोजगार के, नये अवसर पैदा हो सकें। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2015 से अब तक, 38 क्षेत्रों में, एक करोड़ साठ लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 45 प्रतिशत महिलाएं हैं और युवाओं का एक बड़ा हिस्सा अनुसूचित जाती, अनुसूचित जनजाती और अन्य पिछड़ा वर्ग से आता है। इन योजनाओं के तहत युवाओं को, निर्माण, पारंपरिक शिल्प, स्वास्थ्य सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन विभाग ने राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन मांगे हैं। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत यह एक महत्वपूर्ण पहल है। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, फिन्टेक, एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

**********

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज लखनऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने बीस बीस हजार रुपये के दो बॉन्ड पर जमानत दे दी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर की गई कथित टिप्पणी के मामले में आज वह न्यायालय में पेश हुए थे। विशेष न्यायाधीश आलोक वर्मा की कोर्ट ने उन्हें इस मामले में जमानत दे दी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल से लेकर अठारह जुलाई तक कहीं कहीं भारी वर्षा होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी है। प्रदेश के कई जिलों में आज भी रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी की है। कुछ जिलों में सुबह से ही बादल छाए रहे और बीच बीच में धूप भी देखने को मिली।

**********